महत्वपूर्ण एवं खास

अवैध चिरान से भरी पिकप पकड़ाई, अंधेरे में भाग निकले लकड़ी तस्कर, बाकारूमा वन परिक्षेत्र का मामला

रायगढ़. आज तड़के तस्कर जंगल के किनारे अवैध चिरान पिकप में लोड कर रहे थे। तभी मामले की जानकारी वन अमला को लगी, और डीएफओ के निर्देश पर हजारों का अवैध चिरान सहित पिकप जब्त किया है। वन कर्मचारियों को देख अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भाग निकले। मामले में आरोपियों के खिलाफ वन अपराध कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

ठंड से बचने के लिए चूल्हे के सामने सोना पड़ा महंगा

रायगढ़। जिले के छाल थाने के अंतर्गत केऊरमाल गांव में ठंड से बचने के लिए जलते चुल्हे के सामने बिस्तर लगाकर सोने की कोशिश करना 18 साल की विवाहिता के लिए खतरनाक हो गया, जब महिला के कपड़ों में चुल्हे से निकलती आग की लपटों ने अपने कब्जे में लिया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बता दें कि रहनेवाली फुलेश्वरी यादव 21 साल का संदीप यादव से 2017 में विवाह हुआ था, जिसके बाद वह अपने पति के साथ ही रहती थी। बीती रात दोनों ठंड से बचने के लिए घर में जलते चूल्हे के पास बैठी हुई थी, अचानक नींद आने के कारण वह वहीं बिछे हुए बोरी पर सो गई। जब आग की लपट महिला के नीचे बिछाई गई बोरी तक पहुँची तो महिला को इसकी जानकारी हुई। लेकिन तब तक आग महिला के कपड़ों तक पहुंच गई। जिसने तेजी से महिला के शरीर को अपने कब्जे में कर लिया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक महिला 80 प्रतिशत से ज्यादा झुलस चुकी थ। महिला को ईलाज के लिए खरसिया लाया गया था, जहां से रविवार सुबह उसे रायगढ़ रेफर कर दिया गया।

यूएसए में एमबीए की पढ़ाई कर रहे छात्र की कार हादसे में मौत

रायपुर। राजधानी रायपुर के भाठागांव रिंग रोड एक स्थित फिल्टर प्लांट के सामने शनिवार की आधी रात तेज रफ्तार आई ट्वेंटी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली खंभे से टकराते हुए नाले में जा घुसी। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान वालफोर्ट सिटी भाठागांव निवासी प्रांजल त्रिपाठी (23) पिता संजय त्रिपाठी के रूप में हुई है। वह यूएसए में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था और हाल ही में छुट्टी बिताने घर आया था। पुरानी बस्ती सीएसपी कृष्ण कुमार पटेल ने बताया कि प्रांजल त्रिपाठी शनिवार की रात को अपने परिजनों के साथ होटल बेबीलान से खाना खाया। रात 2 बजे परिवार के लोग दूसरी कार से निकले। प्रांजल कार क्रमांक सीजी 04 एचएम 9333 में अकेले रिंग रोड होते हुए घर के लिए निकला और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। पुलिस ने युवक के शव को कार से निकालकर आंबेडकर अस्पताल की मर्च्युरी भिजवाया। रविवार को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पीडीएस में बायोमेट्रिक बंद, अब फोटो खींचकर दे रहे राशन

रायगढ़। राशन दुकानदारों को चिप्स द्वारा बांटी गई बायोमेट्रिक डिवाइस पीडीएस का साफ्टवेयर सपोर्ट नहीं कर पा रहा है। लाखों रूपए फूंकने के बाद भी जिले में महीने भर से पीडीएस में बायोमेट्रिक सिस्टम बंद पड़ा है और अब राशन दुकानदार हितग्राहियो की फोटो खींचकर राशन दे रहे हैं जिससे शिकायतें बढ़ रही हैं।

पीडीएस सिस्टम के लिए पूरे देश में चर्चा में रहने वाले छग में ही अब राशन वितरण में समस्याएं आने लगी हैं। कोर पीडीएस के बाद राशन दुकानो मे फर्जी हितग्राहियों को नियंत्रित करने के लिए आधार सीडिंग शुरू की गई थी। इसके बाद राशन दुकानों में

टैबलेट एवं बायोमेट्रिक डिवाइस देकर आधार सत्यापन के आधार पर राशन वितरण शुरू किया गया था। खाद्य विभाग ने पूरे जिले के शहरी एवं ग्रामीण 838 राशन दुकानों में यह व्यवस्था लागू की थी और पीडीएस आपरेटरों से टैबलेट व बायोमेट्रिक डिवाइस खरीदवाएं थे लेकिन जिले में महीने भर से यह सिस्टम बंद पड़ा है। हालाकि इससे पहले भी गिनी चुनी दुकानों में ही बायोमेट्रिक के जरिए राशन वितरण हो पा रहा था और अब तो टैबलेट में खाद्य विभाग के मार्फो साफ्टवेयर को ही बायोमेट्रिक डिवाइस एक्सेस नहीं कर पा रही है। जानकारी के अनुसार टैबलेट को जो पुराने वर्सन है। उनमें ज्यादा परेशानी आ रही है और नए टैबलेट में यह डिवाइस कुछ काम कर रही है। जिससे साफ्टवेयर बनाने वाली कंपनी को इसमें सुधार के लिए मार्गदर्शन मांगा गया है। अब बायोमेट्रिक बंद होने के बाद राशन दुकान दार भी हितग्राहियों का फोटो खींचकर राशन दे रहे हैं।

नहीं थमा ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला, यात्री परेशान

रायपुर। ठंड शुरू होते ही ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला शुरू हो जाता है। रेल प्रशासन इसका काट नहीं निकाल पा रहा है। इसके चलते कई ट्रेनें घंटों लेट पहुंच रही हैं। लोकमान्य तिलक से भुवनेश्वर जाने वाली ट्रेन शाम 6.25 को रायपुर पहुंचती है। लेकिन शनिवार को निर्धारित समय पर पहुंचने के बजाय रविवार की सुबह 9.30 बजे यहां पहुंची। इसी तरह छपरा से चलकर दुर्ग आने वाली सारनाथ एक्सप्रेस रविवार को साढ़े पांच घंटा देरी, बरौनी से चलकर

गोंदिया आने वाली ट्रेन साढ़े तीन घंटा, दिल्ली से रायगढ़ आने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस तीन घंटा, नागपुर से गेवरा रोड जाने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस चार घंटा और मालदा से चलकर सूरत जाने वाली ट्रेन निर्धारित समय से ढाई घंटे की देरी से रायपुर पहुंची। ट्रेनों के विलंब होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के अधिकारी ट्रेनों के विलंब होने की स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

अधिकारियों का कहना है कि रायपुर मंडल से सभी गाड़ियों को समय पर रवाना किया जा रहा है। दूसरे मंडल से आने वाली गाड़ियां विलंब से आ रही हैं।

नशे में वाहन चलाने वालों पर जिला पुलिस गिरा रही है लगातार गाज

रायगढ़। पुलिस कप्तान दीपक झा के दिशा निर्देशन पर यातायात पुलिस व पुलिस स्टफ द्वारा शहर के भीतर एवं बाहर जाने वाले प्रमुख मागो में दुपहिया, चार पहिया एवं भारी वाहनों की चेकिंग की जाती है।

इस दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की जाने वाली कार्यवाही का एकमात्र उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिये किया जाता है। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस व थाना- चौकियों स्टाफ द्वारा समय-समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द के नये भवन का लोकार्पण

रायगढ़। जिले के धरमजयगढ़ अनुविभाग में स्टेट हाईवे-4 धरमजयगढ़-पत्थलगांव मुख्य मार्ग पर पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द के लिये नया भवन बनकर तैयार है। 2 दिसम्बर को प्रातः पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द के नये भवन का लोकार्पण मां सरस्वती के पूजन आदि पश्चात रिबन काटकर किया गया।

पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द पहले इसी मार्ग पर किराये के भवन में संचालित किया जा रहा था, यह भवन वर्तमान समय में पुलिसिंग के लिहाज से काफी छोटा एवं किराये का था।

क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा विशेष रूप से जिला पुलिस द्वारा पुलिस चौकी के लिये भवन की मांग की जा रही थी, साथ ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण अपने स्तर पर पुलिस मुख्यालय से लगातार समन्वय बनाये हुये थे। इसी दौरान इस औचित्य पूर्ण मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार तथा प्रशासनिक भौगोलिक आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के माध्यम से नये भवन हेतु 50 लाख रूपये की स्वीकृति मिली, जिससे नया भवन बनकर तैयार है। 2 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अति.पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ अर्जुन कुर्रे, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक बोनीफास एक्का, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक सरोज टोप्पो, चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द सउनि सिमसोन मिंज, प्रभारी मुख्य लिपिक जे.पी. चेलकर, ग्राम रैरूमा, बाकारूमा, चरखापारा के सरपंच, पंच एवं आसपास थानों के पुलिस कर्मचारी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने चौकी प्रभारी सिमसोन मिंज तथा अधिनस्थ कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यहां पदस्थ प्रत्येक अधिकारी/ कर्मचारी जन भावना के अनुरूप कार्य करते हुए जनता और पुलिस के बीच की दूरी कम कर सकेंगे। श्री झा ने बताया कि रैरूमाखुर्द पुलिस चौकी में 25 ग्राम शामिल है।

सामान्यतः चौकी क्षेत्र में गंभीर अपराधों के मामले कम ही आते है किन्तु धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना कापू व सीमावर्ती क्षेत्र में मानव तस्करी की घटनाएं सामने आती रही है, इस लिहाज से पुलिस चौकी स्टाफ की विशेष जिम्मेदारी बनती है कि क्षेत्र में आम जनों तक पुलिस की पहुंच आसान हो तथा ग्राम रक्षा समितियों के सदस्यों से परस्पर बेहतर तालमेल कर पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम की जा सके, जिससे पुलिस जनता के संबंध बेहतर हो।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्केटिंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931